भ्रष्टाचार के कुबेरों को अभयदान, किसानों से तुरंत वसूली

नवभारत न्यूज

खण्डवा जिला प्रशासन की वर्तमान कार्यप्रणाली न्याय के तराजू को असंतुलित करती प्रतीत हो रही है, जहां एक ओर खेतों में नरवाई जलाने वाले 34 लाचार ग्रामीणों से प्रदूषण के नाम पर तत्काल 1 लाख 900 रुपये का अर्थदंड वसूल लिया गया, वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचार के बड़े मगरमच्छों के विरुद्ध तंत्र पूरी तरह मौन साधे हुए है।

तहसीलदार महेश सोलंकी द्वारा कनवानी, मानपुर, मछोड़ीरैयत और सराय जैसे गांवों के किसानों पर की गई यह त्वरित कार्रवाई प्रशासन की उस चपलता को दर्शाती है जो केवल बेबस अन्नदाता के सामने ही नजर आती है। विडंबना यह है कि कलेक्टर ऋषव गुप्ता द्वारा एसडीएम और तहसीलदारों को दिए गए सख्त निर्देशों का चाबुक केवल उन किसानों पर चल रहा है जिनकी नरवाई से निकलने वाले धुएं को तो पर्यावरण के लिए खतरा माना गया, लेकिन उन भ्रष्ट विभागों के धुएं को अनदेखा कर दिया गया, जिन्होंने जिले की जनता की गाढ़ी कमाई स्वाहा कर दी है। प्रशासन की यह सेलेक्टिव सख्ती साफ इशारा करती है कि सरकारी खजाना भरने का सबसे आसान रास्ता बेबस किसान की जेब से होकर गुजरता है, जबकि पंचायतों में भ्रष्टाचार के लाखों रुपये, खनिज विभाग के अवैध उत्खनन की करोड़ों की बकाया राशि और



आदिम जाति कल्याण विभाग व सहकारी संस्थाओं में हुए करोड़ों के गबन की जांचें फाइलों के बोझ तले दबी दम तोड़ रही हैं। सफेदपोशों और रसूखदारों को जांच की आड़ में अभयदान देना और दूसरी तरफ अन्नदाता को प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम का डर दिखाकर तत्काल दंडित करना यह सिद्ध करता है कि बड़े घोटालों में हाथ डालने की हिम्मत तंत्र में नहीं है। जब तक करोड़ों डकारने वाले भ्रष्टाचारियों से वसूली की रफ्तार कछुआ चाल से बाहर नहीं आती, तब तक केवल किसानों से वसूला गया यह जुर्माना प्रशासनिक आंकड़ों की बाजीगरी और एकतरफा कार्रवाई के अलावा कुछ नहीं कहलाएगा।

झाड़ियों में लगी आग से धधका सेल्स टैक्स ऑफिस

महत्वपूर्ण दस्तावेज, कंप्यूटर जल कर खाक

नवभारत न्यूज

खंडवा। शहर के जिला जेल के सामने स्थित राज्य कर (सेल्स टैक्स) कार्यालय में रविवार दोपहर भीषण आग लग गई, जिसने कुछ ही समय में पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में कार्यालय के महत्वपूर्ण दस्तावेज, कंप्यूटर और फर्नीचर जलकर खाक हो गए।

अवकाश का दिन होने के कारण कार्यालय बंद था, जिससे एक बड़ा जनहानि का खतरा टल गया। दोपहर करीब 2 बजे भवन से उठते काले धुएं और लपटों को देखकर आसपास के रहवासियों ने तत्काल 'डायल 112' पर सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। यदि कार्यालय खुला होता, तो कर्मचारियों की जान को गंभीर खतरा हो सकता था।प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण लापरवाही सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि परिसर में सूखी झाड़ियों की सफाई के दौरान लगाई गई आग तेज हवा के कारण फैल गई और देखते ही देखते भवन तक पहुंच गई। घटना की सूचना मिलते ही लगभग 30 मिनट के भीतर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। अग्निशमन विभाग द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

ओंकारेश्वर में 17 अप्रैल से 'एकात्म पर्व'

संतों संग सीएम मोहन यादव करेंगे शिरकत

नवभारत न्यूज

खंडवा। एकात्म धाम ओंकारेश्वर में 17 से 21 अप्रैल तक 'आचार्य शंकर प्रकटोत्सव' के तहत पंचदिवसीय 'एकात्म पर्व' का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास के माध्यम से किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 17 अप्रैल को द्वारका पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती के सान्निध्य में होगा, जबकि समापन 21 अप्रैल को डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में 'शंकरावतरणम्' कार्यक्रम के साथ किया जाएगा। इस दौरान देशभर के प्रमुख संत, विद्वान और चिंतक विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखेंगे। पांच दिवसीय आयोजन में अद्वैत दर्शन, पर्यावरण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ढ्ढ), वैश्विक शांति और सांस्कृतिक एकता जैसे समसामयिक विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। साथ ही देश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रतिदिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी।21 अप्रैल को नर्मदा तट पर दीक्षा समारोह में 700 से अधिक युवा 'शंकरदूत' के रूप में दीक्षा लेंगे। आयोजन में संत समाज के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी अपेक्षित है।

ओंकारेश्वर में बोलेरो से 21 पेटी शराब जब्त

खंडवा। ओंकारेश्वर में अवैध शराब कारोबार पर मांधाता थाना पुलिस ने कार्रवाई की है। बोलेरो वाहन क्रमांक M P09 BA 4366 से अवैध रूप से परिवहन की जा रही 21 पेटी शराब जप्त की गई है। सूत्रों के मुताबिक, इस पूरे घटनाक्रम के पीछे आपसी कमीशन को लेकर बनी खींचतान अहम वजह मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि कथित तौर पर जुड़े कुछ प्रभावशाली राजनीतिक लोगों और शराब तस्करों के बीच तालमेल बिगड़ने के बाद ही यह कार्रवाई संभव हो सकी। पुलिस को मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर घेराबंदी कर वाहन को रोका गया। तलाशी में बड़ी मात्रा में शराब बरामद होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। ओंकारेश्वर जैसे धार्मिक स्थल पर इस तरह की गतिविधियां प्रशासन और व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं।पुलिस ने वाहन को जब्त कर आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, मामले में ऊपर तक कनेक्शन की चर्चा भी तेज हो गई है।

कसाईखाने ले जा रहे 19 गोवंश छुड़ाए, बोरगांव पुलिस ने चार तस्करों को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

खंडवा। जिले के पंधाना थाना अंतर्गत बोरगांव चौकी पुलिस ने गौवंश तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त वाहन सहित कुल 19 गोवंश को मुक्त कराकर जप्त किया है।

मनोज कुमार राय के निर्देश पर अवैध गोवंश परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारनेकर एवं एसडीओपी अनिल सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पंधाना निरीक्षक दिलीप देवड़ा तथा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अविनाश भोपले के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर सूचना पर दबिश दी। पुलिस ने राजोरा के पास घेराबंदी कर एक पिकअप वाहन (MP 10 GA 0169) को पकड़ा, जिसमें चार

गोवंश को क्रूरता पूर्वक ठूस-ठूस कर ले जाया जा रहा था। मौके से आरोपी सोनू मासरे और रंजीत उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अन्य आरोपियों की संलिप्तता सामने आने पर कादिर पटेल और महेश चौहान को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर राजोरा स्थित एक बाड़े से 15 अन्य गोवंश बरामद किए गए, जिन्हें सुरक्षित गौशाला में भेजा गया है। इस तरह कुल 19 गोवंश को तस्करों के कब्जे से मुक्त कराया गया।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है। जब्त मशरूका में पिकअप वाहन, एक मोटरसाइकिल और करीब 10 लाख रुपए मूल्य के गोवंश शामिल हैं।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में नीरज को गोल्ड और पवन को मिला ब्रांज

नवभारत न्यूज

खंडवा। छत्तीसगढ़ के दुर्ग में आयोजित अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में खंडवा जिले के बोरगांव खुर्द के पहलवानों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। प्रतियोगिता में नीरज पटेल ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक वहीं पवन पटेल ने 57 किलोग्राम फ्री-स्टाइल वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया।

इन दोनों खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने राष्ट्रीय स्तर पर खंडवा की खेल प्रतिभा को मजबूती से स्थापित किया है। बिना किसी सरकारी कोच या आधुनिक सुविधाओं के यह जिला मध्य प्रदेश में कुश्ती का मुख्य केंद्र बनकर उभरा है। यहां के स्थानीय गुरुओं-हीरालाल यादव, मंगल यादव, राजेंद्र पांजरे, जगदीश पटेल और ऋषि सोनकर के निस्वार्थ मार्गदर्शन और कठोर प्रशिक्षण का ही परिणाम है कि आज खंडवा के बालक और बालिकाएं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पदक जीत रहे हैं। प्रवक्ता सुनील जैन के अनुसार, अखाड़ों में पसीना बहा रहे ये युवा पहलवान सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी मेहनत से खंडवा का नाम रोशन कर रहे हैं। इस ऐतिहासिक जीत पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, महापौर अमृता अमर यादव, विधायक कंचन तनवे और कलेक्टर ऋषव गुप्ता सहित जिले के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष जताते हुए खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। आज बोरगांव खुर्द का नाम पूरे देश के कुश्ती जगत में गूंज रहा है।

ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं ने दो दिन में किया 89 यूनिट रक्तदान

नवभारत न्यूज

खण्डवा। रक्तदान के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तीर्थस्थल ओंकारेश्वर में रक्तदान करने पर श्रद्धालुओं को वी.आई.पी. प्रोटोकॉल अनुसार दर्शन करने की नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ पी जुगतावत ने बताया कि शनिवार को 49 और रविवार को 40 अर्थात दो दिवस में कुल 89 श्रद्धालुओं ने रक्तदान कर निशुल्क वीआईपी प्रोटोकॉल अनुसार दर्शन किए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जुगतावत ने बताया कि प्रतिदिन नए झूला पुल के पास स्थित वृद्धाश्रम में रक्तदान की सुविधा उपलब्ध है।

डॉ. हरणे जिलाध्यक्ष, आनंद पवार प्रदेश उपाध्यक्ष

नवभारत न्यूज

खंडवा। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देश पर संगठन विस्तार की कड़ी में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुदीप पाठक ने डॉ शरद हरणे को कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ का खंडवा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि इस नियुक्ति के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि डॉ हरणे अपने अनुभव और कार्यशैली से संगठन को मजबूती

देंगे तथा स्वास्थ्य से जुड़े जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएंगे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ शरद हरणे ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और स्वास्थ्य क्षेत्र में आमजन की

समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। वही झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निकेश चौहान एवं कार्यध्यक्ष प्रह्लाद महावर द्वारा आनंद सिंह पवार को प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस द्वारा इन दोनों नियुक्ति पर पूर्व विद्यायक राजनारायण सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण)उत्तम पाल सिंह पुरनी ,जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी, रचना तिवारी, हेमलता पालीवाल,देवेंद्र जैन,दीपक मुल्लू राठौर,ओंकर पटेल, रियाज हुसैन, अजय ओझा, डॉ मुनीश मिश्रा, अर्ष पाठक,सुनील आर्य,आलोक सिंह रावत,जिला प्रवक्ता प्रेमांशु जैन, मनोज मंडलोई, श्याम यादव ,कुंदन मालवीय, विकास व्यास, विशाल जैन, रणधीर कैथवास, इमरान गोरी, वामन राव जाधव सहित अन्य ने बधाई दी है।

टीईटी अनिवार्यता खत्म करने की मांग पर शिक्षकों का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

मूंदी। मध्यप्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर शिक्षकों का आंदोलन तेज हो गया है। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले ब्लॉक के शिक्षकों ने पुनासा में प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली और मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

कालसन माता मंदिर परिसर में एकत्रित शिक्षकों ने मुख्य मार्गों से

रैली निकालते हुए शिक्षकों के सम्मान में, टीईटी से मुक्त रखें जैसे नारे लगाए। प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी तहसीलदार दर्शिका मोयदे को ज्ञापन सौंपकर मांगों से अवगत कराया। मोर्चा के नेताओं ने कहा कि लंबे समय से कार्यरत शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता थोपना अनुचित है, इससे उन्हें मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि ऐसे शिक्षकों को टीईटी से मुक्त किया जाए। साथ ही नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों की सेवा अवधि प्रथम नियुक्ति तिथि से मान्य करने की मांग भी उठाई, ताकि उन्हें पेंशन, ग्रेच्युटी सहित अन्य लाभ मिल सकें।

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में विशेषज्ञ टीम देगी उपचार

खंडवा। सिंधी कॉलोनी स्थित सिंधी धर्मशाला में 13 अप्रैल को एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। अखंड सिंधी समाज फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस शिविर में विभिन्न बीमारियों का आधुनिक एवं प्राकृतिक पद्धतियों से उपचार किया जाएगा।शिविर में डॉ संतोष पांडेय एवं उनकी विशेषज्ञ टीम एक्यूपंक्चर, सुजोक, नेचुरोपैथी, ओजोन थेरेपी और कपिंग थेरेपी के माध्यम से मरीजों का निःशुल्क उपचार करेगी। यह शिविर संत कंवरराम जी के जन्मदिवस के अवसर पर बाबा माधवदास उदासी के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का समय प्रात: 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक रहेगा। रविवार को शिविर की औपचारिक शुरुआत गणमान्यजनों की उपस्थिति में की गई। आयोजकों ने बताया कि शिविर में रीढ़ की हड्डी के दर्द, एड़ी के दर्द, एलर्जी एवं अन्य पुरानी बीमारियों का विशेष उपचार किया जाएगा। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने आमजन से अपील की है ।

महापौर ने किया अंबेडकर प्रतिमा स्थल का निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

खंडवा। संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 14 अप्रैल जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर महापौर अमृता अमर यादव ने जिला चिकित्सालय के पास स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने प्रतिमा स्थल पर साफ-सफाई, टेंट, लाइट, साउंड एवं आकर्षक सजावट सहित सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यक्रम को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण की जाएं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। महापौर ने विशेष रूप से स्वच्छता व्यवस्था पर जोर देते हुए प्रतिमा स्थल के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यक्रम के दौरान बेहतर प्रकाश व्यवस्था एवं ध्वनि व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं एमआईसी सदस्य वरुण विक्की बावरे, मंडल अध्यक्ष स्नेहा पाराशर, निगम के उपायुक्त सचिन कुमार सितोले एवं नवनीत शुक्ला उपस्थित रहे।

अंबेडकर जयंती का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

खंडवा। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 13 अप्रैल को किशोर कुमार सभागृह, खंडवा में दोपहर 1 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। इस अवसर पर स्वच्छता कर्मियों और समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा।

आस्था

पंचकल्याणक के जन्म कल्याण के अवसर विशाल शोभा यात्रा आज

नवभारत न्यूज

खंडवा। संस्कार नगरी खंडवा में जैन धर्म का प्रमुख धार्मिक आयोजन पंचकल्याणक महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित हो रहा है। मुनि श्री आदित्य सागर के सानिध्य में तापड़िया बिजनेस पार्क स्थित अयोध्या नगरी में विशाल पांडाल में यह महोत्सव चल रहा है। प्रतिष्ठाचार्य पीयूष जैन के मार्गदर्शन में विभिन्न धार्मिक क्रियाएं संपन्न हो रही हैं।

महोत्सव के अंतर्गत गर्भ कल्याणक की विधियां संपन्न हो चुकी हैं, जिनमें तीर्थंकर माता के 16 स्वप्नों का आकर्षक प्रस्तुतीकरण किया गया। श्रद्धालु बड़ी संख्या में इन धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। रविवार को प्रवचन देते हुए मुनि

श्री आदित्य सागर ने कहा कि सरस्वती के लिए साधना और लक्ष्मी के लिए मेहनत आवश्यक है। दृढ़ संकल्प शक्ति से ही जीवन में सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने जीवन में संयम, साधना और सकारात्मक संकल्प के महत्व पर जोर दिया। महोत्सव के अंतर्गत 11 से 16 अप्रैल तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को भगवान के जन्म कल्याणक के अवसर पर सुबह 9 बजे विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। शोभायात्रा में हाथी, घोड़े, बैंड-बाजे और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजकों ने सभी समाजजनों से इस महोत्सव में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।